दबंग City
इंदौर
बुधवार, 11 मार्च 2015
rty. Beauty Contests. Results. Story. Culture Programmes. Special Day. Coverage.

हर परेशानी से बचने का उपाय जागरूकता

पीआरटीएस की 92वीं कार्यशाला : यूजीसी एकेडमिक स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) द्वारा यूजीसी एकेडमिक कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कॉलेज स्टाफ ने साइबर अपराधों से बचने के उपाय जाने। पीआरटीएस की यह 92वीं कार्यशाला थी।

पीआरटीएस के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने प्रतिभागियों को साइबर स्पेस की जानकारी दी। उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में दिनोदिन इंटरनेट व मोबाइल इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। साइबर अपराधी किस तरह आम नागरिकों, संस्थाओं, कार्यालयों आदि की जानकारी चोरी करके इंटरनेट से वायरस भेजकर नुकसान पहुंचा रहे हैं, उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी दी।

यूजीसी एकेडमिक कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला को संबोधित करते आईजी वरुण कपूर।

छोटी सी गलती बनेगी परेशानी

आईजी कपूर ने बताया इंटरनेट के समय में एक छोटी सी गलती से भी व्यक्तिगत या संस्थागत हानि हो सकती है। इन सबसे बचने का एकमात्र और सर्वश्रेष्ठ उपाय जागरूकता है। सभी कर्मचारियों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है। यदि जानकारी होगी तो ही गलती करने से बच पाएंगे। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान भी कपूर ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर उमेश गुप्ता एवं असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. जयश्री बंसल व स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। अंत में कॉलेज की ओर से कपूर को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।